हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 26 अक्टूबर 2025

06 गांव में बेची जा रही अवैध शराब को लेकर ...



09 रोटरी डायग्नोस्टिक सेंटर स्वास्थ्य के क्षेत्र में...






## खबर संक्षेप

### केंद्रीय कृषि मंत्री आज विदिशा आएंगे



**विदिशा।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज विदिशा आएंगे। सुबह 11.30 बजे होटल रिवर साइड इन में सांसद कप के संबंध में जानकारी सांझा करेंगे। दोपहर 12.30 बजे होटर रिवर साइड इन से इंद्रप्रस्थ कॉलोनी जाएंगे। यहां करीब आधा घंटे रुकने के बाद दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। 2 बजे बल्लाखेड़ी के लिए रवाना होंगे। जहां स्वर्गीय विशाल सिंह के परिवार से मिलकर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे।

### सराफा एसोसिएशन का दीपावली मिलन आज

**विदिशा।** सराफा एसोसिएशन द्वारा आज रविवार को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से भंडारी पैलेस में होगा। सराफा एसोसिएशन के 70 वर्ष से अधिक के सदस्यों का सम्मान होगा।

### इंटैक के विदिशा चेप्टर का शुभारंभ आज होगा

**विदिशा।** इंडियन नेशनल ट्रस्ट फार आर्ट एंड कल्चर हेरिटेज (इंटैक) के विदिशा चेप्टर का उद्घाटन एसएसएल जैन हायर सेकंडरी स्कूल में आज दोपहर को 2 बजे केंद्रीय कृषि मंत्री व स्थानीय सांसद शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस दौरान इंटैक के प्रदेश संयोजक दीपक खांडेकर, विधायक मुकेश टंडन, सह संयोजक संजय मल्होत्रा, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी, वरिष्ठ पुरातत्वविद् अहमद अली, सेठ संजय जैन मौजूद रहेंगे। इंटैक संस्था जिले में फैली पुरातत्विक धरोहर के रखरखाव पर काम करेगी।

### स्वास्थ्य मंत्री से मिले दीपावली की बधाई दी



**विदिशा।** साई कॉलेज आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस विदिशा के संस्थापक संतोष सिंह ने भोपाल में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल से उनके निवास पर मुलाकात कर दीपावली की बधाई दी। उन्होंने कालेज के गतिविधियों के बारे में बातचीत कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## अचानक से बदला मौसमः खेतों में कटी पड़ी है धान की फसल, 60% किसान काट चुके सोयाबीन

# ग्यारसपुर क्षेत्र में तेज बारिश, धान की फसल डूबी
# बिजली, डीजल और मजदूरी तीनों की होगी बचत

विदिशा के ग्रामीण क्षेत्रों में हुई जमकर बारिश, आधा शहर सूखा रहा।

***जिले में धान की कटाई चल रही है और मौसम ने कहर बरपा दिया है। शनिवार को ग्रामीण क्षेत्र में हुई बारिश ने धान की फसल पर पानी फेर दिया है।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

शनिवार दोपहर बाद मौसम बदला और ग्रामीण क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हो गई। धान के खेतों में पानी भर गया। यह बारिश धान के किसानों के लिए आफत बनकर बरसी है। वहीं जो किसान सोयाबीन की फसल काट चुके हैं उनके लिए यह वरदान साबित होगी। क्योंकि किसानों को अब पलेवा करने की जरुरत नहीं होगी।

डीजल, बिजली और मजदूरी की बचत होगी। मौसम ने इस बार ग्यारसपुर तहसील के किसानों के साथ दोहरा व्यवहार किया है। एक तरफ जहां ग्राम पीपलखेड़ी के किसानों की मेहनत पर बारिश ने पानी फेर दिया, वहीं दूसरी ओर ग्राम दैय्यरपुर और बासादेंही के खेतों में हुई झमाझम बारिश ने अन्नदाताओं के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी।

ग्राम पीपलखेड़ी में हुई लगातार बारिश ने किसानों की कटी पड़ी फसल को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। खेतों में भरा पानी अब धान के बंडलों को सड़ा रहा है, जिससे मेहनत और लागत दोनों पर पानी फिर गया।

**इतनी बारिश की पलेवा के लिए नहीं पड़ेगी पानी की जरुरत**

किसान लाखन सिंह लोधी की करीब 5 बीघा में खड़ी और कटी धान की फसल पूरी तरह पानी में डूब गई है। उनका कहना है कि धान कटाई के बाद सुखाने से पहले ही बारिश आ गई, जिससे सबकुछ बर्बाद हो गया। खेतों में पानी भरने से न केवल फसलें खराब हुई हैं बल्कि पशुओं के चारे की भी किल्लत हो रही है। किसानों ने प्रशासन से सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि वे आगामी रबी सीजन की तैयारी कर सकें। एक ओर पीपलखेड़ी के किसान नुकसान की भरपाई की उम्मीद लगाए बैठे हैं, तो दूसरी ओर दैयारपुर और बासादेही के किसान राहत की सांस ले रहे हैं।




**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर तहसील के ग्राम दैय्यरपुर और बासादेंही के किसान किसान लक्ष्मण सिंह लोधी, प्रदीप सराठे, प्रेम नारायण लोधी, प्रमोद लोधी और रामसेवक लोधी ने बताया कि इस बारिश से पलेवा की आवश्यकता नहीं रही, जिससे बिजली, डीजल और मजदूरी तीनों में बड़ी बचत हुई है। किसानों का कहना है कि समय पर हुई यह वर्षा रबी सीजन की तैयारी के लिए प्राकृतिक सिंचाई साबित हुई है। खेतों में नमी आने से अब गेहूं और चने की बुआई शुरू हो गई है। ग्यारसपुर क्षेत्र में हुई यह दोहरी स्थिति किसानों के लिए सबक भी है कि मौसम के अनिश्चित मिजाज के बीच फसल प्रबंधन में सावधानी जरूरी है। वहीं दूसरी ओर, यह बारिश उन अन्नदाताओं के लिए नई उम्मीद भी लेकर आई है जो रबी की तैयारी में जुटे हैं।

### सरस्वती शिशु मंदिर में पूर्व छात्र शिक्षक समागम हुआ

**विदिशा।** विद्या भारती द्वारा केशव नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में पूर्व छात्र शिक्षक समागम का आयोजन हुआ। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसमें तीनों शाखाओं के पूर्व छात्र, जो आज विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं, बड़ी संख्या में शामिल हुए। लंबे समय तक सेवाएं देने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। पूर्व छात्रों ने विद्यालय के विकास व सामाजिक कार्यों में सहयोग का संकल्प लिया। भावनात्मक माहौल में सबने "एक बार फिर शिशु मंदिर में" का भाव दोहराया। कार्यक्रम में शिक्षाविद, समाजसेवी व अभिभावक उपस्थित रहे।

## आंखों की रोशनी पर असर पड़ने के बाद हरकत में आया प्रशासन

# तहसीलदार ने रामलीला की पटाखा दुकानों में पहुंचकर की जांच पड़ताल



विदिशा। रामलीला मेले में लगी पटाखा दुकानों पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए तहसीलदार प्रीति पंथी।

आम नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से राजस्व अधिकारियों द्वारा की जा रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने विदिशा जिले में तेज आवाज वाले पटाखे और कार्बाइड गन के भंडारण और क्रय, विक्रय पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी कर दिया है। साथ ही उन्होंने राजस्व अधिकारियों को इस आदेश के सख्त अनुपालन की निगरानी के निर्देश भी दिए हैं।

तहसीलदार प्रीति पंथी ने रामलीला परिसर में लगाई गई पटाखा दुकानों की सघन जांच पड़ताल की। उन्होंने यहां अवैध पटाखे, आतिशबाजी, लोहा, स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे और कार्बाइड गन का निर्माण, भंडारण, या विक्रय तो नहीं हो रहा है की जांच पड़ताल की।

- जिलेभर में कार्बाइड गन से बच्चों की आंखों पर असर पड़ने के बाद हरकत में आए प्रशासन ने शुरू की है जांच पड़ताल और प्रतिबंधित कार्रवाई।

तहसीलदार प्रीति पंथी ने दुकान संचालकों को सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया है कि प्रतिबंधित किए पटाखे या कार्बाइड गन इत्यादि का भंडारण और विक्रय नहीं करेंगे अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### नव- विवाहिता ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की

**विदिशा।** वॉटर वर्क्स इलाके में एक नवविवाहिता ने शनिवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों की सूझबूझ और समय पर जानकारी मिलने से उसकी जान बच गई। युवती को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। साथ ही मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ओम बघेल ने पीड़िता काजल कुशवाह के बयान दर्ज किए हैं। बयान में काजल ने कहा कि वह अपने पति की लगातार प्रताड़ना और मारपीट से तंग आकर यह कदम उठाने को मजबूर हुई। पीड़िता के पिता अमर सिंह कुशवाह ने भी दामाद पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शादी के कुछ ही महीने बाद से बेटी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। कई बार समझाइश के बाद भी स्थिति नहीं सुधरी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पति से पूछताछ की जाएगी।

## यह है हाल..भाजपा नेताओं पर कटाक्ष करने वाले पर हमला

### वयोवृद्ध भाजपा नेता का कहनाः वीडियो बनाकर वायरल किया, ताकि लोग भाजपा नेताओं पर टिप्पणी करने से डरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

भाजपा संगठन और नेताओं की कार्यप्रणाली पर सोशल मीडिया पर मुखर हुए जनसंघ के जमाने के खाटी भाजपा नेता पर हमले का वीडियो शनिवार को वायरल हुआ है। एक तरह से इसे ऐसा जंगल राज कहा जा सकता है, विरोध करने और बोलने की आजादी नहीं है।

वयोवृद्ध भाजपा नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता विमलप्रकाश तारण पर शनिवार की दोपहर स्टेशन रोड स्थित सिटी सेंटर के सामने एक अज्ञात बदमाश ने हमला कर दिया। वह इसकी वजह पूछते हैं, लेकिन बदमाश गाली गलौज करते हुए लगातार मारता रहता है। खास बात यह है कि सिटी सेंटर पर खड़े होकर कोई व्यक्ति इस मारपीट का वीडियो बना रहा है। विमल तारण का कहना है कि सुनियोजित ढंग से हमला कर वीडियो वायरल कराया गया। उन्होंने एसपी और एएसपी को घटना की जानकारी दी है। इधर एएसपी का कहना है कि मामला गंभीर है। जांच होगी और हमलावर की पहचान कर षड़यंत्र का पर्दाफाश किया जाएगा। मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने विमल प्रकाश तारण पर हुए हमले की सोशल मीडिया पर घोर निंदा की है।

## 38 मजदूरों ने की मजदूरी दिलाने की मांग

**विदिशा।** सिरोंज तहसील के अमरगढ़ गांव में 38 मजदूरों को उनकी मजदूरी नहीं मिली है। उमरिया जिले से आए इन मजदूरों ने तीन किसानों पर फसल कटाई के करीब 2.75 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। मजदूरों का कहना है कि पैसे मांगने पर उन्हें गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। इस संबंध में सभी 38 मजदूरों ने शनिवार को विदिशा पहुंचकर कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है। कलेक्टर कार्यालय ने शिकायत दर्ज कर जांच का आश्वासन दिया है।

**2.75 लाख रुपए हड़पने का आरोप**

मजदूरों की मांग कर रहे मजदूरों के अनुसार उन्होंने अमरगढ़ के किसान पप्पू दांगी, जीवन यादव और उनके एक रिश्तेदार के खेतों में कई दिनों तक फसल कटाई का काम किया था। काम पूरा होने के बावजूद उन्हें कुल 2 लाख 75 हजार रुपए का मेहनताना नहीं दिया गया।

## छतरपुर में सड़क हादसाः लटेरी में पदस्थ मंडी इंस्पेक्टर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

छतरपुर में हुए सड़क दुर्घटना में लटेरी मंडी में पदस्थ मंडी इंस्पेक्टर उत्तम कुमार गौड़ का निधन हो गया।

गुरुवार शाम को उनकी बाइक एक कुत्ते से टकरा गई थी, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार को ग्वालियर ले जाते समय रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। यह घटना गुरुवार शाम को सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बृजपुरा गांव के पास बमीठा-झांसी नेशनल हाईवे 39 की बताई जा रही है। मंडी इंस्पेक्टर उत्तम कुमार गौड़ की बाइक अचानक एक कुत्ते से टकरा गई। इस हादसे में कुत्ता मौके पर ही मर गया, जबकि एसआई गौड़ गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

हादसे के बाद बाइक में आग लग गई थी। अग्निशमन दल ने आग पर काबू पाया था। घायल एसआई को अस्पताल पहुंचाया गया था।

**पन्ना के हरदुआ गांव के रहने वाले थे**

मृतक मंडी इंस्पेक्टर उत्तम कुमार गौड़ (35) पन्ना जिले के हरदुआ गांव के निवासी थे। वह विदिशा में सब-इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ थे। उनके परिजन मुन्ना ने बताया कि वह छुट्टी के बाद बाइक से विदिशा अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे। घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें बाइक सड़क पर चलती हुई दिख रही है और पास खड़े लोग वीडियो बना रहे हैं।

### छठ पर्वः बड़वाले घाट पर सफाई कराने के निर्देश

**विदिशा।** शनिवार को विधायक मुकेश टंडन बेतवा स्थित बड़वाले घाट पर पहुंचे। उन्होंने नगरपालिका के सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर को घाटों की सफाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने और होमगार्ड कमांडेंट को घाट पर सुरक्षा हेतु जवान तैनात करने के निर्देश भी दिए।विधायक टंडन ने कहा कि समाजसेवी संस्थाओं, बेतवा उत्थान समिति और नगरपालिका के संयुक्त प्रयास से घाटों की नियमित सफाई के लिए एक ठोस कार्ययोजना तैयार कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना इस तरह बनाई जाएगी जिससे त्योहारों के दौरान ही नहीं, बल्कि आम दिनों में भी घाटों की स्वच्छता बनी रहे। शनिवार को नहाय-खाय के साथ तीन दिवसीय कार्तिक छठ पर्व की शुरुआत हुई। इस दिन छठ व्रती महिलाएं नियम-धर्म का पालन करते हुए सात्विक भोजन बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण करती हैं।

## कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने की कही बात

# राज्य कर्मचारी संघ का दीपावली मिलन समारोह 28 को, सीएम डॉ. मोहन यादव रहेंगे मुख्य अतिथि

वल्लभ भवन परिसर में किया जाएगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का भव्य दीपावली मिलन समारोह 28 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे मंत्रालय वल्लभ भवन परिसर के समक्ष आयोजित किया जाएगा।

इस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रदेश के कर्मचारियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। संघ के प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और उन्हें कर्मचारियों के बीच आयोजित होने वाले इस मिलन समारोह में आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने सहमति देते हुए कहा कि सरकार कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, महामंत्री जितेंद्र सिंह, संगठन मंत्री राजकुमार चंदेल, कोषाध्यक्ष के एच मेवाड़ा, उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा सहित अध्यापक संवर्ग से नारायण प्रसाद चतुर्वेदी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की वरिष्ठता और अन्य लंबित मुद्दों पर सकारात्मक संकेत दिए। महामंत्री जितेंद्र सिंह के प्रयासों से आयोजित यह विराट महाकुंभ कर्मचारियों के लिए सौगातों की बरसात लेकर आने की उम्मीद बन गया है। कार्यक्रम को लेकर पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है। कर्मचारी संघ ने सभी कर्मचारी, शिक्षक एवं पेंशनर वर्ग से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में भोपाल पहुंचकर अपने हितैषी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत करें।



विदिशा। राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों से मिलते हुए सीएम मोहन यादव।

- दीपावली पर कर्मचारियों को दी गई थी सौगात।

### राज्य कर्मचारी संघ की बैठक हुई, 28 को भोपाल में दीपावली मिलन समारोह की तैयारियां हुई तेज

**शमशाबाद।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ तहसील शाखा शमशाबाद की बैठक शासकीय बालक हायर सेकंडरी स्कूल में हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में 28 अक्टूबर को भोपाल में होने वाले प्रांतीय दीपावली मिलन समारोह को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम मुख्यमंत्री मोहन यादव होंगे शामिल। बैठक में निर्णय लिया गया कि शमशाबाद तहसील से 100 शिक्षक कार्यकर्ता अपने चार पहिया वाहनों के साथ भोपाल जाकर कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। तहसील शाखा अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा एवं जिलाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद शर्मा ने कहा कि यह दीपावली मिलन समारोह कर्मचारियों के बीच भाईचारे और संगठन की एकता को मजबूत करेगा।



**खबर संक्षेप**

## बासौदा लीजेंड टूर्नामेंट का शुभारंभ आज



**गंजबासौदा।** पूर्व क्रिकेटर और पूर्व बीआरसी कपिल तिवारी की स्मृति में बासौदा लीजेंड चैंपियनशिप क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को शुभारंभ होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट के शुभारंभ में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी आदि मौजूद रहेंगीं। यह टूर्नामेंट 40 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाडियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। जिसमें दो ग्रुप में छह छह टीमें शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप की प्रत्येक टीम पांच पांच मैच खेलेगी। जिसके बाद क्वार्टर फायनल, सेमिफायनल और फायनल मैच होंगे। इस टूर्नामेंट के आयोजकों में हार्टफुलनेस, अनिल दाऊ सोशल वेलफेयर फाउंडेशन, श्री खेड़ापति नगर, आकृति होम्स, श्रीजी नगर हैं। गत दिवस इस आयोजन के शुभारंभ के पूर्व क्रिकेट टूर्नामेंट के सूत्रधार आदित्य श्रीवास्तव, राहुल यादव, हीरेन्द्र यादव, रंजीत, राकेश, कमलेश आदि ने सभी जनप्रतिनिधियों के पास पहुंचकर उन्हें आमंत्रण पत्र सौंपकर शुभारंभ के लिए आमंत्रित किया।

### रात्रि के समय जय स्तंभ चौक पर नशे में धुत युवक व युवती ने किया हंगामा

# गांव में बेची जा रही अवैध शराब को लेकर महिलाएं पहुंची पुलिस थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को ग्राम मसूदपुर की अनेक ग्रामीण महिलाओं ने देहात थाना पहुंचकर प्रभारी मनोज दुबे के नाम एक शिकायती आवेदन दिया। जिसमें ग्राम के मोहल्ले में अवैध रूप से बेची जा रही शराब के चलते होने वाली परेशानियों से अवगत कराया गया। इससे पूर्व महिलाओं ने गांव में आए शराब ठेकेदार के कर्मचारियों को घेरकर उनके द्वारा विक्रय के लिए लाई गई शराब की पेटियां भी फेंक दी थीं। इस मामले में पुलिस ने महिलाओं की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





जानकारी के अनुसार ग्राम मसूदपुर सहित विभिन्न गांवों में शराब ठेकेदारों द्वारा रिटेलर नियुक्त कर अवैध रूप से शराब बिकवाई जा रही है। पुलिस और आबकारी विभाग को जानकारी होने के बाद भी इस ओर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे युवा पीढ़ी नशे की आदी होती जा रही है। ग्राम मसूदपुर में भी अवैध शराब के चलते गांव के युवा, बुजुर्ग ही नहीं बच्चे भी शराब के आदी होते जा रहे हैं। जिससे परेशान होकर आज ग्राम की महिलाओं ने एकत्रित होकर इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इस दौरान शराब ठेकेदार के कर्मचारी जैसे ही गांव में रिटेलर के पास शराब की पेटियां देने आए तो महिलाओं ने एकत्रित होकर उनका विरोध किया और पेटियां उठाकर फेंक दीं। इसके बाद वे अंबानगर चौकी पर शिकायत लेकर पहुंचीं, लेकिन वहां सुनवाई न होने पर नगर में देहात थाना आ गईं। यहां उन्होंने शिकायती आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि गांव में दो युवक मिलकर अवैध रुप से शराब का विक्रय करते हैं। ग्राम में बिक रही अवैध शराब से बच्चों, युवाओं पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद महिलाओं ने स्वयं मोर्चा खोल दिया। ग्राम की पार्वती बाई ने बताया कि शराब मिलने के कारण उनके परिजन शराब पीते हैं और उनके साथ मारपीट करते हैं। उनका मानना है कि अगर शराब न मिले तो गांव का माहौल बेहतर होगा। इस संबंध में एसडीओपी शिखा भलावी का कहना है कि इस मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और शीघ्र उचित कार्रवाई की जाएगी।

उधर बीती रात जय स्तंभ चौराहे पर नशे में धुत एक युवक और एक युवती ने जमकर हंगामा किया। यहां तक कि उन्होंने पुलिसकर्मियों से भी झूमाझटकी कर दी। उनके उत्पात के कारण मुख्य मार्ग पर भारी भीड़ जमा हो गई। बाद में दोनों को हिरासत में लिया गया। थाना प्रभारी संजय वेदिया ने बताया कि आरोपी युवक युवती पर कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## तीसरे दिन भी नगर में देर तक हुई बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को तीसरे दिन भी नगर सहित आसपास के कई गांवों में कुछ देर के लिए बौछारें पड़ी। नगर में लगभग एक घण्टे तक हल्की बारिश हुई जिससे सड़कें पानी से तरबतर हो गईं। अब मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों ने आगामी दिनों में भी अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। इस बारिश से अधिकांश किसानों को लाभ मिलेगा। वहीं धान उत्पादक किसानों को नुकसान पहुंचने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने 25 अक्टूबर से बारिश के संकेत दिए थे। हांलाकि पिछले दो दिनों से आसमान पर बादल छा रहे थे और उमस भी बढ गई थी,जिससे बारिश की संभावना नजर आने लगी थी। उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी 25 अक्टूबर से लेकर 1 नवंबर तक इलाके में अच्छी बारिश के पूर्वानुमान व्यक्त किए हैं। जो रबी फसलों की बोवनी के लिए बहुत लाभदायक साबित होगी तथा किसानों के हजारों रुपए बचेंगे।

## सफाई कर्मियों को मिठाई वितरित की



**गंजबासौदा।** शनिवार को वार्ड क्रमांक 21 के पार्षद नारायण सोनी के निवास पर नगरपालिका सफाई कर्मियों को दीपावली के अवसर पर मिठाई के डिब्बे वितरित किए गए। इस अवसर पर अनेक नपा सफाई कर्मी मौजूद रहे।

## जाल से मछुआरे पकड़ रहे मछलियां ...



**गंजबासौदा।** बेतवा नदी के रिपटा घाट पर स्टॉप डेम के गेट लग जाने से इन दिनों मछुआरे जाल से मछली पकड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## छात्र-छात्राओं ने बनाईं आकर्षक रंगोलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को शासकीय हाई स्कूल किरवाया में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने मिलकर रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया और अच्छी-अच्छी रंगोली बनाई। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 9 वीं दर्शिका गुर्जर, मनु गुर्जर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और कक्षा दसवीं से रचना मालवीय, राधिका मालवीय, रागनी मालवीय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और कक्षा नवी में तहूरा खान, शिफा खान, भूमिका कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने मिलकर रंगोली बनाई। इस मौके पर सभी स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों को बधाइयां दीं। शिक्षक



जेपी दुबे, नितिन यादव, राजीव जैन, ऋषि शर्मा, अनिल कुमार कुर्मी, सोनू मालवीय, विपिन सेन ,अनामिका जैन मौजूद थी। सभी शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी एवं शुभकामनाएं दी साथ ही सतत एवं व्यापक अधिगम तथा मूल्यांकन के अंतर्गत क्राफ्ट गतिविधि आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने मनमोहक क्राफ्टिंग सामग्री बनाई।

## विद्युत ट्रांसफार्मर के करंट से गाय की मौत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

शनिवार को ग्राम रसूलपुर में विद्युत ट्रांसफार्मर में करंट प्रवाहित होने से एक गाय की मौत हो गई। ज्ञात हो कि ग्राम रसूलपुर में डीटीआर के खुले तार डले हैं। जिससे मवेशी आए दिन हादसे का शिकार हो रहे हैं। विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों की लापरवाही के चलते यहां पर कोई लाइनमैन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामवासियों ने बताया कि वह कई बार इस समस्या से विद्युत विभाग को अवगत करा चुके हैं लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हुआ है। अगर डीटीआर का इंतजाम सही तरीके से नहीं की गया तो किसी दिन बड़ा हादसा घटित हो सकता है।

### भावांतर योजना में तुलाई हुई शुरू, लेकिन पूरी जानकारी किसी के पास नहीं

**गंजबासौदा।** मध्य प्रदेश शासन की मंशानुरूप 24 अक्टूबर से भावांतर पर सोयाबीन की खरीदी शुरू हो गई है। लेकिन अभी तक इससे जुड़ी पूरी जानकारी न तो मंडी अधिकारी कर्मचारियों को है और न ही किसान संघ इस संबंध में किसानों को जानकारी दे पा रहा है। ऐसे में भावांतर योजना के तहत सोयाबीन तुलाई अंधेरे में ही चल रही है। कृषि उपज मंडी के किसी भी कर्मचारी को और ना ही कृषि विभाग वालों को यह पता है कि प्रति हेक्टेयर या प्रति बीघा कितने क्विंटल उपज की खरीदी करना है, न ही स्पष्ट तौर पर कोई यह बता पा रहा है कि किस रेट पर बिकने पर भावांतर की कितनी राशि मिलेगी। मॉडल रेट भी अभी तक तय नहीं हो पाया है। इसके अलावा भावांतर के तहत सोयाबीन बेचने वाले किसानों को फसल विक्रय का नगद भुगतान भी नहीं हो रहा है। जिससे कई किसान बिना भावांतर के ही उपज विक्रय करने की मांग कर रहे हैं। भावांतर योजना की इन्हीं कमियों को लेकर और सर्वर डाउन रहने के चलते गत दिवस किसानों ने स्थानीय कृषि उपज मंडी में जमकर हंगामा किया था। उधर मांग न होने के चलते मंडियों में सोयाबीन के भाव भी कम चल रहे हैं। जिसको लेकर व्यापारियों और मंडी कर्मचारियों को आशंका बनी हुई है कि किसी दिन कम भाव या अधूरी जानकारी के चलते किसानों का व्यापारियों, मंडी कर्मचारियों से विवाद न हो जाए। इसी के चलते क्षेत्र के किसानों ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील है कि स्पष्ट निर्देशों की जानकारी दी जाए, जिससे सभी किसानों को योजना का उचित लाभ मिल सके।





## बसंत पंचमी को होगी मूर्ति की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





बर्री घाट रोड स्थित यमराज धाम पर भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति स्थापना के लिए मूर्ति आ चुकी है। जिसकी विधिवत स्थापना को लेकर शनिवार को राष्ट्रीय कथा वाचक अभिषेक कृष्ण शास्त्री, पंडित अंकुर माधव शास्त्री की विशेष उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। दीपक तिवारी ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि भगवान चित्रगुप्त की स्थापना यमराज धाम पर बसंत पंचमी 2026 में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कर विधिवत की जाएगी। आगामी बैठक में और भी निर्णय लिए जाएंगे। इस मौके पर हरिशंकर तिवारी, सतीश शर्मा, राकेश तिवारी, रामकुमार शर्मा, हेमंत शर्मा, हिमांशु शर्मा, मनमोहन बवेले, कपिल प्रजापति, शुभम साहू, संदीप सेन, कमल कुशवाहा ,गोपाल कुशवाहा, छोटेलाल कुशवाहा, मनमोहन बघेल, अंकित बैरागी, बल्लू यादव, विजय माथुर, विवेक माथुर, रवि शर्मा, सुनील पौराणिक मौजूद थे।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 10 नवंबर को

**गंजबासौदा।** नेत्र सेवा सदन संत हिरदाराम नगर सिद्ध भाऊ के मार्गदर्शन में नागरिक सेवा समिति एवं सिंधी समाज के तत्वावधान में 10 नवंबर, दिन सोमवार को राधे श्याम साहू एवं साहू परिवार के सौजन्य से विशाल नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के नेत्ररोगियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आंखों का चेकअप कराने एवं मोतियाबिंद होता है तो नि:शुल्क ऑपरेशन करवाने की अपील की गई है।

### हाईटेंशन लाइन पर लटक रहीं वृक्ष की शाखाएं

**गंजबासौदा।** नगर के पचमा बायपास मार्ग पर एक खाली प्लाट में लगे वृक्ष की शाखाएं हाईटेंशन लाइन के तारों के संपर्क में आ रहीं हैं। पास ही में लोहे का विद्युत खंभा लगा हुआ है जिसमें कभी भी करंट प्रवाहित हो सकता है।

### जनपद पंचायत सभाकक्ष में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# विकासखंड स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को जनपद पंचायत सभाकक्ष में जन अभियान परिषद व आंनद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकास खंड स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में अतिथि के रूप में उपस्थित आनंद विभाग के स्टेट कोऑर्डिनेटर अभिषेक शर्मा, आनंद विभाग से जिला समन्वयक संजय श्रीवास्तव, मास्टर ट्रेनर राजेश पटेल, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद पूजा श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। कार्यशाला में महिला बाल विकास, सामाजिक न्याय विभाग, जनपद पंचायत, आजीविका मिशन, जन अभियान परिषद व अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ संजय श्रीवास्तव आनंद विभाग जिला समन्वयक द्वारा सभी को बताए गए कि कर्मचारियों को अपने कार्य करते हुए कैसे आनंद की अनुभूति हो कार्य को पूरा करना चाहिए। अल्पविराम शासकीय कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों में सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए निरन्तर प्रयास आवश्यक है। इसका लोक सेवाओं के प्रभावी प्रबंधन तथा प्रदाय से सीधा संबंध है। भौतिक सुविधाएं एवं समृद्धि अकेले आनंदपूर्ण मनोज स्थिति का कारक नहीं होती। प्रशासनिक अधिकारिक, कर्मचारियों का दृष्टिकोण जीवन की परिपूर्णता की मौलिक समझ पर आधारित है। राज्य आनंद संस्थान का प्रयास है कि ऐसे से स्वयंसेवकों को तैयार किया जाए जो कार्यालयों में इन्हें सकारात्मक जीवन शैली अपनाने की आवश्यक विधियां उपलब्ध करा सके। स्वयंसेवक निजी क्षेत्र में अथवा कार्यालय के कर्मचारी हो सकते हैं। शासकीय सेवकों को अपने कार्य स्थल पर नियमित अंतराल में ऐसे कार्यों तथा क्रियाओं में सम्मिलित किया जावे। जो उनके जीवन में आनंद का करण कारक बन सके ऐसे कार्यक्रम को अल्पविराम कहा जाता है।

मास्टर ट्रेनर राजेश पटेल द्वारा सबके जीवन में रिश्तों का बहुत योगदान रहता है जो बहुत महत्वपूर्ण होते हैं रिश्ते बनाने के कारण अच्छे या बुरे इसका अनुभव सबको होना चाहिए। पूजा श्रीवास्तव जिला समन्वयक जन अभियान परिषद द्वारा कहा गया कि हम सब की चिंता तो करते हैं पर अपने बारे में कभी नहीं सोचते खुद के बारे में भी सोच और खुश रहें। शासन ने इसके लिए भी एक विभाग बनाया है सारी पारिवारिक व्यवस्था बाद जिम्मेदारियां के साथ भी अपने बारे में छोटी-छोटी खुशियों के साथ सोचना शुरू करें जिससे परिवार का माहौल अच्छा बना रहे। परिचय कार्यशाला में छोटे-छोटे खेलों की गतिविधियों के माध्यम से भी अनेक संदेश दिए गए। अभिषेक शर्मा द्वारा कहा गया कि विकसित भारत जब तक सफल नहीं हो सकता जब तक हम आनंद की अनुभूति ना करें। हम जहां कार्य कर रहे हैं जिस स्थिति में कर रहे हैं उसमें भी हमें आनंद की अनुभूति हो। जीवन में आनंद के महत्व को समझे तभी वह एक विकसित भारत का निर्माण करने में अपनी भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम पश्चात अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# जीवदया पदयात्रा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के इतिहास में प्रथम बार सर्वाथ सिद्धियोग में निराश्रित गौवंश के संवर्धन संरक्षण हेतु समाधि सम्राट आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनिश्री संभवसागर महाराज ससंघ के मगंल सानिध्य एवं सकल जैन समाज व दयोदय गौशाला के तत्वावधान में जीवदया पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा प्रातः 6 बजे से महावीर बिहार मील रोड़ से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए बर्रीघाट रोड़ स्थित दयोदय गौशाला पहुंच कर संपन्न हुई। जिसमें जैन समाज के साथ साथ समस्त गौभक्त धर्मप्रमी बंधु सम्मिलित हुए। तत्पश्चात दयोदय गौशाला स्थित मानस्तंभ में विराजमान जिनबिंबो का अभिषेक शांतिधारा का आयोजन किया गया।





इस अवसर पर आयोजित धर्मसभा में मुनि संभवसागर महाराज ने अपनी धर्मदेशना में जीवदया पदयात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को गौसेवा के लिए समय देकर आचार्य भगवंत के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए इस अभियान में जुटना होगा। 500 गौवंश का मूक निवेदन आज हमें दयोदय गौशाला खींच लाया है। शीघ्र ही यहां 1000 गौवंश रखने की व्यवस्था का संकल्प पूरा करना है। कार्यक्रम में बाहर से पधारे अतिथियों का सम्मान दयोदय गौशाला समिति द्वारा किया गया। समापन पर पात्र भावना का आयोजन किया गया।

**खबर संक्षेप**

## किसानों की पीड़ा के बीच निराशाजनक दीवाली: बोहत



**सिरोंज।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री एडवोकेट सुभाष बोहत ने कहा कि में किसानों और आम जनता की निराशाजनक दीवाली के लिए राज्य सरकार की नीतियों को जिम्मेदार मानता हूं। वही उन्होने बताया कि इस बार केवल 20 प्रतिशत लोगों ने ही दीवाली मनाई,जबकि 80 प्रतिशत लोग केवल देखने तक सीमित रहे। उन्होंने कहा कि लोग 180 प्रति लीटर सोयाबीन तेल खरीदने में असमर्थ रहे, और कई परिवार राजगीर के लड्डुओं पर ही निर्भर रहे। फसल खराब होना और राहत न मिलना किसानों की इस स्थिति का प्रमुख कारण है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कृषि को लाभकारी बनाने के वादे पर सवाल उठाते हुए कहा कि कृषि उपकरण और डीजल की बढ़ती कीमत, फसलों के उचित मूल्य न मिलना और खाद की कालाबाजारी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। डीएपी, जिसकी सरकारी कीमत 1,350 प्रति बोरी है, वही कालाबाजारी में 2 हजार से 2,500 में बिक रही है। यूरिया, जिसकी कीमत 267 प्रति बोरी है, निजी बाजार में 450 से 500 में बिक रही है। किसान घंटों कतार में खड़े होने के बाद भी यूरिया महंगे दाम पर खरीदने को मजबूर हैं। सोयाबीन की फसल के लिए 6,000 प्रति क्विंटल का वादा किया गया था, लेकिन किसानों को केवल 2,700 - 3,500 प्रति क्विंटल ही मिल रहा है।

## चल समारोह का आयोजन 27 को

**सिरोंज।** प्रतिवर्ष की भाती इस वर्ष भी श्री माली समाज द्वारा पंचमी महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य चल समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर माली समाज के अध्यक्ष के के माली ने बताया कि सोमवार को माली समाज द्वारा पंचमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

**संभाग का अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर का हुआ शुभारंभ**

# रोटरी डायग्नोस्टिक सेंटर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा संकल्प लेकर कार्य करें: मंत्री प्रहलाद पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

रोटरी क्लब सागर द्वारा संचालित संभाग के अत्याधुनिक रोटरी डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ शनिवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, वरिष्ठ समाजसेवी श्याम तिवारी, गौरव सीरोठिया, सर्वजीत सिंह, आकाश बजाज, मुकेश साहू, आदित्य पटेल, स्वर्णलता खन्ना, सचिन चतुर्वेदी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के.वी., अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, श ज्योति पांडे, सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, रोटरी क्लब सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि रोटरी क्लब का यह संकल्प स्वास्थ्य क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि सागर शहर सहित संपूर्ण बुंदेलखंड के नागरिकों को अब अत्याधुनिक जांच सुविधाएं एक ही छत के नीचे सुलभ होंगी। पहले जिन जांचों में सात दिन लगते थे, अब वे मात्र तीन दिनों में पूरी होंगी, वह भी 20% की छूट के साथ। यह कदम मरीजों और उनके परिजनों के लिए बड़ा राहत भरा होगा।



मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने रोटरी क्लब को "समाजसेवा और जनसेवा का पर्याय" बताया। उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा संचालित यह केंद्र जनता को समय पर जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध कराएगा। रोटरी जहां जुड़ता है, वहां सेवा अपने आप आ जाती है।

विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि यह केंद्र सागर की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा। अब नागरिकों को जटिल जांचों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। यह सस्ता, सुलभ और सटीक जांच का भरोसेमंद केंद्र बनेगा।

डायग्नोस्टिक सेंटर के निदेशक आकाश बजाज एवं मुकेश साहू ने बताया कि केंद्र में नवीनतम तकनीक की फुली ऑटोमेटिक मशीनें स्थापित की गई हैं। यहां एक ही छत के नीचे इको, फार्मेसी, डॉक्टर ओपीडी, ब्लड बैंक सहित सभी जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विशेष रूप से मॉलेक्युलर पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और कैंसर जांचें, जो पहले सागर में संभव नहीं थीं, अब यहीं की जा सकेंगी। रिपोर्ट मात्र 2 से 3 दिनों में उपलब्ध होगी। सभी जांचें एमडी पैथोलॉजिस्ट डॉ. नैंसी के सुपरविजन में की जाएंगी, जिससे परिणाम सटीक और विश्वसनीय रहेंगे।

इस अवसर पर डॉ. एन.एस. मौर्य, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भूपेंद्र अहिरवार, रोटरी क्लब के कर्नल महेंद्र मिश्रा, संजीव पटेल, सुखदेव सिंह घुम्मन, राज अरोड़ा, मधुसूदन, सुरजीत देवलिया, डॉ जनार्दन जादव, देवेश, आशीष, अभिषेक जैन, अमित जैन, अंकुर अग्रवाल, नमन समैया, सिद्धार्थ जैन, प्रिंस जैन, ऋतुराज जैन सहित अलग-अलग प्रांत के पदाधिकारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दीपावली के बाद खुली मंडी, व्यापारियों ने मिठाई खिलाकर शुरू की नीलामी

**सिरोंज।** दीपावली बाद मंडी खुलने की शुरुआत किसानों,कर्मचारियों और व्यापारियों के बीच एक दूसरे को दीपावली की बधाई एवं मिठाई खिलाने से हुई। वही शुभ मुहूर्त में व्यापारियों ने उच्च क्वालिटी का सोयाबीन प्लांटों से उपर खरीदा।

सोयाबीन की अपेक्षा मक्का की आवक ज़्यादा थी। मंडी नीलामी में व्यापारी कमल तरण,राजेश मित्तल, राजेश जैन, मनीष जैन, प्रेमचंद जैन, पप्पू साहू, गगन तारण, कैलाश, शरद भार्गव, लोकेश जैन, नारायण साहू, रामकिशन साहू, राहुल मंगल, उमेश गोयल ,टिंगू साहू रामू साहू आदि बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। इस मौके पर अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव ने कहा कि हमने पहले ही कहा था की सरकार की सोयाबीन में भावांतर के संबंध में योजना और नीति स्पष्ट नहीं है। जिसकी वजह से मध्यप्रदेश की मंडियों में व्यवस्था पूरी तरीके से चरमरा गई ,पूरे प्रदेश में सर्वर डाउन की वजह से किसान और व्यापारी घंटों परेशान हुए,बहुत सी मंडियों में नीलामी देर से शुरू हुई या रोकी गई। किसानों और व्यापारियों को विक्रय और ख़रीद की पर्ची घंटों नहीं मिली,सिरोंज मंडी में भी यही समस्या रही जिस कारण डाक नीलामी आधा घंटे पहले रोक दी गई। ऐसा लगता है शासन अपनी जिम्मेदारी मंडी बोर्ड और व्यापारियों पर डालकर भावांतर पर होने वाली समस्यों से दूर भागना चाहता है।



## बृज मेमोरियल हा.से. स्कूल में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के पालीवाल कॉलोनी स्थित बृज मेमोरियल हा. से. स्कूल में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय संचालक पं प्रशांत पालीवाल द्वारा समस्त स्टॉफ व कर्मचारियो को मिठाई व उपहार वितरण किए। साथ ही दीपावली की शुभकामनाएं दी।

**हरिभूमि से चर्चा के दौरान बोले हार्दिक...**

## 'सुधा सागर महाराज के निर्देशन में जीर्णशीर्ण जैन तीर्थ स्थलों का होगा उद्धार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया से हरिभूमि संवाददाता एड राजीव जैन सैनानी की विशेष चर्चा में उन्होने कहा कि देश के राष्ट्रीय संत मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज से मैनें पत्रकारो के महासम्मेलन में जो आर्शीवाद प्राप्त किया। तभी से मेरे जीवन में एक नया परिवर्तन आया फिर मैने सोचा कि जैन समाज के तीर्थ क्षेत्रो जो कि जीर्ण शीर्ण स्थिति में है वह दिगम्बर व स्वातम्बर पंतो की लडाई में भगवान का अनादर हो रहा है।

अब यह लडाई समाप्त कर एकता के साथ भगवान को उच्च शिखर पर पहुचाकर पुनः मंदिरो का निर्माण करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होने कहा कि अंतरिक्ष जी पार्श्व नाथ दादा के तीर्थ की महिमा अपरंपार है। तीर्थ के बारे में बहुत सुना था। सब से पहले तो दुख की बात बता दु की यहाँ भाई भाई के बीच का झगड़ा बहुत दुख जा रहा है। झगड़ा करने वाले भी जैन हम कैसे भगवान के अनुआई है। ह्हार्दिक हुंडिया की दो हाथ जोड़ के बिनती है की ओ पार्श्व नाथ दादा के भक्तों,आप चाहे श्वेतांबर हो या दिगंबर लेकिन अपने आप को पूछो की क्या धर्म हमने शिखा दादा की भव्य प्रतिमा, भाई भाई के बीच मनमुटाव के कारण आज ये प्रतिमा एक पुराने मंदिर की एक गुफा में बिराजमान है। औलोकिक प्रतिमा देखकर आप की नजरे दादा की तरफ़ से नहीं हटेगी। दादा के दर्शन करने क्या बच्चे,क्या बुड्ढे,क्या युवा लाइन लगती है। दादा का बहुत ही पुराना मंदिर दादा के दर्शन करना इतना सरल नहीं है जितना हम दूसरी जगह आराम से दादा के दर्शन कर सकते है एक दम छोटी बारी से आप को प्रवेश करना है। मेरे जैसा जैसे ही ये बारी में प्रवेश करने के लिये झुका तो वही गिर गया, मेरी धर्म पत्नी और दो दादा के भक्तों ने खड़ा किया। यदि आप तबीयत से थोड़े भी लाचार हो तो परिवार का कोई ना कोई सदस्य साथ में होना बहुत जरूरी है। दादा एक गुफा में विराजमान है। दादा के दर्शन करने जैसे ही छोटी बारी से प्रवेश करने के बाद एक सीडी से नीचे उतरना पड़ता है,सिर्फ़ एक भाविक ही उतर सकता है। फिर दादा के दर्शन होते है। हम जब धर्मशाला से दादा के दर्शन करने जाते है, तब दादा,दादा,दादा करते जाते है और दादा की भव्य, मन मोहक, औलोकिक प्रतिमा दिखते ही सिर्फ मन के अनमोल भाव से दादा ही दिखते है, दादा बहुत ही छोटी जगह और इतने बड़े दादा ऐसी जगह पर बिराजमान देखते ही दुख हुआ। दादा शंखेश्वर पार्श्वनाथ दादा की तरह इनका भी भव्य मंदिर का निर्माण होना चाहिए। यदि हम दादा के भक्त है तो किसी भी संप्रदाय के खिलाफ कोई भी ऐसा शब्द ना बोले की किसी को भी दुख हो आखिर हम दादा पार्श्वनाथ दादा के सभी भक्तों है तो दादा का भव्य मंदिर जल्द से जल्द निर्माण हो ये ही मेरी उच्च भावनाएं हैं।

# मढ़ई मेले में पुलिस ने चलाया किशोरी जागरूकता अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

पुलिस द्वारा संचालित किशोरी जागरूकता संवाद अभियान के तहत बरेली थाना पुलिस टीम ने खरगोन एवं जामगढ़ के मढ़ई मेले में किशोरियों को सुरक्षा, आत्मरक्षा और जागरूकता से संबंधित जानकारी दी। थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने किशोरियों से संवाद करते हुए कहा कि स्वयं की सुरक्षा के लिए सतर्कता और आत्मविश्वास सबसे बड़ा हथियार है।

उन्होंने रायसेन पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुंवर सिंह मुकाती के निर्देशन में पुलिस द्वारा संचालित हेल्पलाइन डायल 112 एवं महिला हेल्पलाइन 1090 की जानकारी दी और इसके माध्यम से तत्काल सहायता प्राप्त करने के उपाय बताए।कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी एवं उनके साथियों ने किशोरियों को शिक्षा, सशक्तिकरण और सुरक्षा के महत्व को समझाया और समाज में महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

इस संबंध में थाना प्रभारी बरेली कपिल गुप्ता ने बताया कि यह अभियान रायसेन पुलिस द्वारा निरंतर चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नाबालिग बालिकाओं को आत्मरक्षा, सुरक्षा एवं उनके अधिकारों की जानकारी प्रदान करना है, ताकि वे सुरक्षित और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण में सहभागी बन सकें।

## राज्यमंत्री पटेल भोडिया में सुनेंगे प्रधानमंत्री की मन की बात आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



उदयपुरा बरेली विधानसभा के विधायक और प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल अधिकांश समय अपनी विधानसभा के किसी ग्राम या कार्यक्रमों में उपस्थित रहते हैं। मन की बात कार्यक्रम जिसे देश के लोगों को प्रेरणा और ऊर्जा मिलती है सभी देखना सुनना पसंद करते हैं और उत्साहित बने रहते हैं।

**भोडिया में सुनेंगे मन की बात :** राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल आज रविवार को विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख एवं बड़े ग्राम भोडिया के बूथ क्रमांक 152 पर भाजपा के कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री मोदी का लोकप्रिय कार्यक्रम देखने सुनने उपस्थित रहेंगे। ग्रामीणों से चर्चा और संवाद भी करेंगे।

# पीएम सड़क योजना में लापरवाही तीन साल बाद भी अधूरी पड़ी सड़क



हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

भोपाल–विदिशा स्टेट हाईवे 18 से सेमरा होते हुए बनखेड़ी तक साढ़े 4 किलोमीटर लंबी सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी के प्रयासों से करीब तीन वर्ष पहले 4.45 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत की गई थी। इस सड़क के निर्माण से लगभग एक दर्जन गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलना था, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर थी।

मगर ठेकेदार द्वारा कार्य की धीमी गति और लापरवाही के चलते आज तक सड़क का निर्माण अधूरा पड़ा है। कई स्थानों पर सड़क उखड़ी हुई है, तो कहीं जटिया (गिट्टी) पड़ी है जिससे धूल उड़ने की समस्या ने ग्रामीणों का जीना मुश्किल कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधूरी सड़क पर धूल के गुबार से गुजरना बेहद कठिन हो गया है, वहीं कई बाइक सवार फिसलकर घायल भी हो चुके हैं। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि ठेकेदार द्वारा अभी तक जितना भी सड़क में काम किया है वह भी गुणवत्ता हीन हैं कई जगह से सड़क उखड़ गई है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सड़क का काम पिछले एक साल से पूरी तरह ठप पड़ा है, लेकिन विभागीय अधिकारी अब तक ठेकेदार पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ऐसे में लोगों को न केवल आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि दैनिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द अधूरी सड़क को पूरा कराने और ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



## विधायक जैन सपत्नीक हुए 25 मंडलीय कल्पद्रुम महामंडल विधान में शामिल

**सागर।** तिलकगंज स्थित जैन तीर्थ परिसर में आर्यिका विजिज्ञासा श्री माताजी के सानिध्य में चल रहे 25 मंडलीय कल्पद्रुम महामंडल विधान में शनिवार को विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन अपनी धर्मपत्नी लीगल राइट्स काउंसिल इंटरनेशनल की चेयरमैन अनुश्री शैलेन्द्र जैन के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक दंपति ने अर्घ समर्पित किए, श्रीफल भेंटकर माताजी से आशीर्वाद प्राप्त किया। आर्यिका विजिज्ञासा श्री माताजी ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि किसी भी धार्मिक महोत्सव में शामिल होना जीव के पुण्य कर्मों का फल होता है। धर्मानुष्ठान आत्मा की शुद्धि और समाज में सद्भाव का संदेश देता है। विधायक शैलेन्द्र जैन ने अपने उद्बोधन में कहा जब किसी भूमि पर धर्मानुष्ठान का आयोजन होता है तो वह भूमि वंदनीय बन जाती है। तिलकगंज ही नहीं, समूचा सागर नगर ऐसे यज्ञों की आराधना से सौहार्दपूर्ण और पवित्र बनता है।

## सेक्टर बैठक का किया आयोजन

**सागर।** सागर ग्रामीण दो परियोजना के तीन सेक्टर बडतुमा, परसोरिया और पथरिया जाट सेक्टर का सेक्टर बैठक का आयोजन किया गया और साथी खिलौने आधारित प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया । जिसमें कुल 68 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और एक सेक्टर सुपरवाइजर ने प्रतिभा किया। सत्र की शुरुआत आंगनबाड़ी के केंद्रों पर चल रहे थीम से हुई जिसमें कार्यकर्ताओं ने अपने अनुभव साझा किया और आगामी थीम पर चर्चा की गई और गतिविधियों की मैपिंग कार्यकर्ताओं से कराई गई।

**आसमान में घने बादलों का डेरा, बूंदाबांदी से भीगी फसलें**

# धान कटाई में बना आसमानी आफत का मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

◆ दीपावली के दूसरे दिन हुई जोरदार बारिश से नहीं उबरे थे किसान, फिर शुरू हुआ परेशानियों का दौरा

दीपावली के दूसरे दिन नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में जमकर बारिस और तेज हवाएं चलने से खेतों में खड़ी धान की फैसले आडी हो गई। क्षेत्र के हजारों किसान अभी बारिश की आसमानी आफत की परेशानियों से संभाल भी नहीं पाए थे कि शनिवार को सुबह से बदले मौसम और आसमान में घने बादलों का डेरा बना रहने से पूरे दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए दिन में अनेक बार हुई बूंदाबांदी से धान की फैसले और सड़के गीली बनी है।

धान कटाई पर बना संकट जिस प्रकार आसमान में घने बादलों का डेरा बना हुआ है उससे धान की फसलों पर बारिश का संकट बन रहा है एक बार की बारिश से धान फैसले भीग चुकी है खेतों में भरा पानी न सूखने से धान की कटाई का कार्य प्रभावित होने के साथ विलंब हो रहा है यदि अब बारिश हुई तो धान की बोलियों में भी धान अंकुरित होने की भारी आर्थिक नुकसान की स्थिति बन सकती है। बदले मौसम के मिजाज और रुख देख कर किसान दम साद कर आसमानी हलचल पर नजर बनाए हुए हैं



### बूंदाबांदी से सूखी धान फसल ने पकड़ी नमी

नमी युक्त धान शनिवार को दिनभर धूप नहीं निकली इसी के साथ कहीं तेज कहीं बूंदाबांदी से धान की सूखी फसले काटने वाली फसल नमीयुक्त हो गई है। नमी युक्त धान की कटाई में जोखीम अधिक रहने के साथ थ्रेकिंग और हार्वेस्टर चलाने में अधिक समय लगने के साथ धान काली पडऩे फफूंद लगने की स्थिति बनती है ऐसी धान का किसानों को वाजिद दाम भी नहीं मिल पाता है आसमानी आपात की स्थिति भापने किशान आसमान की ओर टकटकी लगा रहे हैं समझ नहीं आ रहा कि क्या किया जाए।

## कृषि उपज मंडी परिसर में पुलिस ने ट्रालियों पर लगाई रेडियम पट्टी

### वाहन दुर्घटनाओं पर रोकथाम का प्रयास




हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

बरेली कृषि प्रधान क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्रालियों की भरमार है सैकड़ो ट्रैक्टर ट्रालियां क्षेत्र की मुख्य सडक़ों पर दौड़ती रहती हैं ट्रैक्टरों में तो बैक लाइट होती है, परंतु साथ लगी ट्रालियों में लाइट न होने से अक्सर ट्रालियां ना दिखाई देने और वहां क्रॉसिंग में दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

ट्रालियों पर चिपकाई रेडियम पट्टी पुलिस थाना की टीम कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंची जहां अपनी उपज लेकर आए किसानों की ट्रालियों में पीछे की ओर रेडियम पट्टी चिपकाने का कार्य किया गया ट्रालियों में रेडियम पट्टी लगने से रात के अंधेरे में दूर से ही ट्राली सामने जा रही है दिखलाई देगी।

**कार्यालय राजपूत लॉ चेम्बर्स शमशाबाद, तहसील शमशाबाद जिला विदिशा**

ग्राम रमपुरा खुर्द तहसील शमशाबाद जिला विदिशा म.प्र स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 7/7, कुल किता 01 कुल रकवा 0.533 हैक्टयर भूमि जो कि विनोद कुमार जैन पिता श्री भैयालाल जैन, कमलेश पिता श्री भैयालाल जैन, राजेश जैन पिता श्री भैयालाल जैन, विमल कुमार जैन पिता श्री भैयालाल जैन, मुन्नी जैन पिता श्री भैयालाल जैन, सुरेश कुमार पिता श्री भैयालाल जैन निवासी विछिया से क्रय करने का सौदा पक्का कर अग्रिम बयाना राशि प्रदान कर दिया है तथा अब केवल मात्र विक्रय विलेख का निष्पादन मेरे पक्षकार को पंजीयन कराया जाना मात्र शेष है :-

अतः उक्त संव्यवहार के कुल अथवा कुछ भाग से जिस किसी व्यक्ति संस्था निकाय बैंक महाजन वित्तिय संस्थान शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था निगम मंडल अथवा दिगर किसी व्यक्ति को कोई उजर दावा अथवा आपत्ती हो तो इस आम सूचना के सात दिवस के भीतर अपनी आपत्ती लिखित में मय दस्तावेज अधोलिखित कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन पंजीयन अपने पक्ष में करा ली जावेगी तथा बाद म्याद गुजरने की गई आपत्ती अवैध व शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

तदानुसार सूचना जानें :-

स्थान :- पुराना बस, मंडी रोड शमशाबाद जिला विदिशा म.प्र ।

**भवदीय किशन सिह राजपूत**
**राजपूत लॉ चेम्बर शमशाबाद**
**मों. 9977080366**

## खबर संक्षेप

### गायों को बचाने में गहरी खंती में जा उतरा ट्रक



**सलामतपुर।** हाइवे 18 सड़क पर बैठे मवेशी वाहन चालकों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं जो आए दिन हादसों का कारण बन रहे हैं। वहीं थाना क्षेत्र के मुक्तापुर गांव के सामने हाइवे 18 पर रात में बीच सड़क पर बैठे मवेशियों को बचाने के चक्कर में भोपाल से विदिशा की और किराना सामग्री लेकर जा रहा ट्रक दस फिट गहरी खाई में उतर गया। हालांकि ड्राइवर क्लीनर ने समय रहते ट्रक से कूद गए, जिससे उन्हें मामूली चोटें आई है। वहीं क्रेन मशीन की सहायता से ट्रक को खाई ने निकाला गया। इस दौरान भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर जाम के हालात भी बने।

### बूंदाबांदी होने से किसान चिंतित, कटी पड़ी धान



**दीवानगंज।** तीन दिन से क्षेत्र में मौसम बदल हुआ है। 2 दिन तक आसमान में बादल छाए रहते के बाद शनिवार दोपहर के बाद बूंदाबांदी प्रारंभ हो गई जो देर तक चलती रही। बूंदाबांदी से किसान चिंतित दिखाई देने लगा है क्योंकि कई किसानों की फसलें पककर तैयार हो गई है तो कई किसानों की फ़सले कटी हुई खेत में पड़ी हुई है। बूंदाबांदी से फसलों को नुकसान पहुंचेगा। एक-दो दिन में कटाई होने वाली थी की मौसम ने करवट ले ली है। शनिवार को बूंदाबांदी शुरू हो गई। मौसम में आई इस बदलाव से किसान चिंता में पड़ गए हैं, क्योंकि खेतों में अभी धान की फसल कटाई के लिए खड़ी है।

### यात्रियों का जत्था सम्मेद शिखर यात्रा पर रवाना



**सिलवानी।** झारखंड प्रदेश में स्थित विश्व के प्रसिद्ध सबसे बड़े जैन तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर की यात्रा के लिए नगर से युवाओं का जत्था शनिवार को रवाना हुआ। जत्थे का नगर के नागरिको ने फूलमालाओं से स्वागत कर सफल यात्रा की शुभ कामना दी। अखण्ड जैन समाज सिलवानी के 18 तीर्थ यात्रियों का जत्था 8 दिन की तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुआ। जत्थे में नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, बल्लू राजा, गूंजा जैन, सचिन रीनम सिंधई, सीमांत, स्वेता सिंधई, चंचल, रानू जैन, भव्या, आर्या, मनन, झनन आदि शामिल है। सभी तीर्थ यात्रियों ने जबलपुर में विराजमान आचार्य समय सागर महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया तथा यात्रा के लिए रवाना हुए।

---

हालत ये कि वार्डों की गलियों में फैला कचरा, रहवासी और राहगीर हो रहे परेशान

# शहर की गलियां-सड़कें बनीं कूड़ाघर, घरों से कचरा उठाने नहीं पहुंच रही नपा की गाड़ियां

**कचरे के ढेर खोल रहे स्वच्छता की पोल, नपा के डोर-टू-डोर वाहन वार्डों से हुए गायब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नगर पालिका परिषद की स्वच्छता रैंक की असलियत की पोल खुलती नजर आ रही है। क्योंकि सूचना बाद भी मोहल्लों कॉलोनियों में उनके डोर टू डोर घरों तक कचरा गाड़ियां नहीं पहुंच पा रही हैं। लापरवाही का आलम यह है कि शहर के मोहल्लों गलियों और कॉलोनी की गलियों में कूड़ा कचरे का अंबार लगा हुआ है।

रहवासियों को मुताबिक नपा के कचरा वाहन गाड़ियां नियमित रूप से कुछ वार्डों में नहीं जा पा रही है। ऐसी स्थिति में वहां पड़ा कचरा समय पर नहीं उठ पा रहा है। शहर के अथाईं मोहल्ले के जिम वाली गली में ढेर सारा कचरा पड़ा हुआ है इसका निष्पादन नगर पालिका अमले द्वारा अभी तक नहीं किया गया है। इसके अलावा शहर के वार्ड 9 वार्ड 3, 4, 5, 6, 7, 8 और शहर के कई अंदरूनी गली मोहल्ले में कचरा का ढ़ेर लगा हुआ है। हालांकि कचरा वाहन आते तो हैं, लेकिन वहां पड़े कचरे का का सही तरीके से निष्पादन किया जाता, जिससे कचरे का ढेर बढ़ता ही जा रहा है।

### दैनिक क्रियाकलापों में दिक्कत

लोगों का कहना है कि दीपावली से शहर की पुरानी बस्ती के गली मोहल्लों समेत अन्य क्षेत्रों में नियमित डोर-टू-डोर कचरा वाहन नहीं पहुंच रहे हैं। इस संबंध में कड़का क्षेत्र के राजू यादव, भागवती बाई, दीपेश यादव, महेश मेहर व अन्य ने बताया कि मैदानों में कचरे के ढेर लगे रहने से बदबू फैल रही है। न तो बच्चे खेल पा रहे हैं। ना ही बुजुर्ग शाम के समय टहल पा रहे हैं।



**नपा के जिम्मेदार बेखबर, सड़कों के किनारे कचरे के ढ़ेर**

मैदानों व सड़कों के किनारे कचरा फेंका जा रहा है। इसके चलते जगह-जगह कूड़े के ढेर नजर आ रहे हैं। बदबू के मारे लोगों का राह चलना दूभर हो रहा है। वहीं, संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा भी मंडरा रहा है। लोगों ने बताया कि फागिंग मशीन से धुआं भी कॉलोनी में नहीं किया जा रहा है और न ही कीटनाशक दवाओं का छिड़काव समय से नहीं होने से क्षेत्र की कॉलोनियों में मच्छर की संख्या दिन दोगुनी रात चौगुनी बढ़ रही है।

### कई बार कर चुके हैं शिकायत

रहवासियों का कहना है कि दीपावली पर्व के बाद मैदान में कचरे के ढेर लग रहे हैं। यह समस्या उन्होंने अनेक बार नगर पालिका के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखी। इस पर आश्वासन तो हर बार दिया गया। लेकिन अभी तक नगर परिषद के स्वच्छता अमले ने यहां लगे कचरे के ढेरों को अलग नहीं करवाया। वीआईपी कॉलोनी के विजय यादव, तेज सिंह परिहार, लक्ष्मी प्रसाद ने बताया कि कचरे की वजह से क्षेत्र में मच्छरों का आतंक है।

शहर को स्वच्छता में बेहतर स्थान दिया गया है। लेकिन दीपावली पर्व के बाद से ही उक्त इलाके के अनेक स्थानों पर डोर-टू-डोर कचरा गाड़ियां नहीं पहुंच रही हैं। इसके चलते लोग घरों का कूड़ा जहां- तहां फेंकने को मजबूर हैं। शीतल सिटी कॉलोनी, वीआईपी कॉलोनी, गोपालपुर क्षेत्र अन्य कॉलोनियों में यही दृश्य नजर आ रहे हैं।

### सफाई करवाई जाएगी

मैं कल ही नगर पालिका की सफाई शाखा को यह निर्देश देती हूं कि शहर की गली मोहल्ले में पड़े कचरे की सफाई सही तरीके से करें। साथ ही डोर टू डोर कचरा गाड़ी नियमित रूप से भेजी जाएगी ।जल्द ही मोहल्लों कॉलोनी की नालियों की भी साफ सफाई करवा ली जाएगी।-

\- **सुरेखा जाटव,** नपा सीएमओ रायसेन

### शहर की नालियां चोक, स्वच्छता का दिखावा कर रहे अधिकारी

शहर की सड़कों के किनारे कचरे का ढेर लगा हुआ है। शहर की विभिन्न कॉलोनियों में नालियों का कचरा सड़क पर फैल जाता है। स्वच्छता अभियान के तहत शहर को साफ रखने के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन शहर के कई इलाके अभी भी गंदगी की चपेट में हैं। इस ओर नगर पालिका पूरी तरह उदासीन बनी हुई है, जबकि स्वच्छता का केवल दिखावा कर रही है। इसी प्रकार शहर की विभिन्न कॉलोनियों में नालियों का कचरा सड़क पर फैल जाता है। इस बात की जानकारी नपा प्रशासन को होने के बाद भी सफाई नहीं की जा रही है। शहर के वार्डों में कचरे का ढ़ेर लगे होने से अनेक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है।

### इंसानों व मवेशियों की जान को खतरा बना मेडिकल कचरा

शहर के जिला अस्पताल के सामने सड़क किनारे ट्रांसफार्मर के समीप कचरे का ढेर लगा रहता है। इस क्षेत्र में मेडिकल स्टोर व पैथोलॉजी लैब होने के कारण मेडीकल वेस्ट का कचरा खुले में ही फेंक दिया जाता है। खुले में पड़े मेडीकल कचड़े में सिरिंज, निडिल, ग्लब्ज, मास्क, एक्सपाइयरी दवाइयां आदि भी शामिल हैं। मवेशी इस कचरे को खाते हैं, जिससे उनकी जान को हरदम खतरा बना रहता है।

---

बेगमगंज में फैला सूदखोरों का मकड़जाल

# कार्रवाई का नहीं डर, कर्ज देकर वसूल रहे मोटा ब्याज

- बिना लायसेंस के क्षेत्र में जमकर फल फूल रहा सूदखोरी का कारोबार
- पीड़ितों ने एसपी से की मामले की शिकायत, कार्रवाई करने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की तहसील बेगमगंज में सूदखोरों का नेटवर्क तेजी से फैल रहा है। इन सूदखोरों का आतंक इतना बढ़ गया है कि वह महिलाओं से अभद्रता और जान से मारने की धमकी तक दे रहे हैं। मामले की शिकायत महिलाओं ने एसपी पंकज पांडे को आवेदन देकर की है। साथ ही उन्होंने कार्रवाई की मांग उठाई।

श्याम नगर निवासी मनोरमा लोधी पिता नर्वदा प्रसाद और पुष्पा बाई लोधी पति शंकर लाल लोधी ने बताया कि सूदखोरों से हमने जरुरत पड़ने से कर्ज लिया था वह सूदखोर हर महीने मनमर्जी के मुताबिक ब्याज वसूल रहा है।

### पहला मामला

श्याम नगर वार्ड 18 की रहने वाली मनोरमा लोधी अपने बूढ़े पिता नर्मदा प्रसाद के घर रहती है। उसकी तीन बेटियां हैं। सिलाई मशीन से कपड़े कपड़ों की सिलाई करके बमुश्किल अपने परिवार का गुजारा कर रही है।



मनोरमा लोधी

उसने बताया कि बड़ी बेटी की शादी के लिए रूपयों की ज़रूरत पड़ने पर ध्वाज निवासी एक सूदखोर से 8 मई 2023को 20 हजार रुपये और दूसरी बार फिर 16 मई 2023को 20 हजार रुपये का कर्ज लिया था। बदले में मेरे खाते के दो ब्लेंक चैक साइन करवाकर अपने पास रख लिए। समय पर ब्याज की किस्तें नहीं चुका पाई तो सूदखोर किसी महिला पुलिस अधिकारी से मोबाइल फोन करवाकर घर नीलाम करवाने की धमकी दे रहा है।

### दूसरा मामला

श्याम नगर निवासी पुष्पा लोधी पति शंकर लाल ने भी सूदखोरों से परेशान होकर एसपी पांडे को आवेदन देकर की शिकायत।



पुष्पा लोधी

उन्होंने बताया कि एक साल पहले ध्वाज निवासी उसी सूदखोर से घर में 60 हजार रूपयों की जरूरत पड़ने पर उधार लिए। उसने यह रकम 10 फीसदी सैकड़ा ब्याज पर दिए। बदले में सूदखोर ने दो एकड़ जमीन की शपथ पत्र पर लिखा पढ़ी करवा ली। सूदखोर ने उनके पति की प्लेटिना मोटरसाइकिल छीन ली। उन्होंने बाइक को फाइनेंस कराई है। वह सूदखोर मनमाना ब्याज जमीन हड़पने की धौंस दे रहा है।

---

नहीं सुधर रहा एंबुलेंसों का बिगड़ा ढर्रा, स्वास्थ्य राज्यमंत्री के गृह जिले में स्वास्थ्य सेवाएं वेंटिलेटर पर


# घायलों की जान से खिलवाड़, शाम 6 बजे कॉल करने पर रात 8 बजे पहुंची एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

जिले के बाड़ी अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं वेंटिलेटर पर हैं। अस्पताल इलाज कराने आने वाले मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिलता, जिससे घंटों उनकी फजीहत होना आम बात है। क्षेत्र में जीवन रक्षक व 108 एम्बुलेंस इतनी बेपटरी हो चुकी है। अब घायलों एवं मरीजों को मिलना मुश्किल हो चुका है।

ऐसा ही एक मामला शनिवार को देखने मिला, जहां एक यात्री बस देव ट्रेवल्स ने नगर से 6 किलोमीटर की दूरी पर एक बाइक चालक को पीछे से टक्कर मार दी। घायल को पुलिस बाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, लेकिन युवक की स्थिति गंभीर होने पर उसे डॉ. राहुल शर्मा ने प्राथमिक उपचार के भोपाल रेफर कर 108 एम्बुलेंस को सूचना दी।

करीब दो घंटे बाद भी घायल को ले जाने जब एम्बुलेंस नहीं आई तो, मजबूरन घायल के परिजन प्रायवेट वाहन तलाशते नजर आए। उसी समय अस्पताल पहुंचे कुछ मीडिया कर्मियों ने घायल और परिजनों से बात की उसने जानकारी ली, तो उन्होंने बताया हम घायल को भोपाल ले जाने एम्बुलेंस का दो घंटे से इंतजार कर रहे है, लेकिन अभी तक नहीं आई। मीडिया कर्मियों ने मामले की सीएमएचओ को कॉल कर जानकारी दी, जिसके 10 मिनट बाद एम्बुलेंस पहुंच सकी।



**फोटो :** देरी से पहुंची 108 एम्बुलेंस वाहन के ड्रायवर से बात करते हुए मीडिया कर्मी।

### 108 संचालित करने वाली कंपनी बरत रही लापरवाही

*मध्यप्रदेश सरकार गरीब और असहाय घायल और बीमार लोगों को सेहतमंद रखने निःशुल्क 108 एम्बुलेंस ठेके पर संचालित करवा रही हैं और यह जीपीएस लोकेशन से भी सुरक्षित है, जिसे भोपाल से कंट्रोल किया जाता हैं। लेकिन इस जीपीएस सिस्टम को भी 108 वाहन चालक खूंटी पर टांग कर मनमर्जी से चला रहे हैं। जानकारी तो यहां तक मिली हैं 108 के ड्राइवरों ने रोजनदारी से प्रायवेट ड्राइवर तैनात कर दिए हैं, जो अंधी रफ्तार से एम्बुलेंस चलाते हैं। लोगों ने बताया कि पहले भी मरीजों को ले जाने वाली एम्बुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी हैं, जो दर्शाता है कि सरकार हर मोर्चे पर फ़ैल हो चुकी हैं ।*

आश्चर्य तब हुआ जब अस्पताल परिसर में ही खड़ी 108 एम्बुलेंस अस्पताल गेट पर आकर खड़ी हो गई और एम्बुलेंस के ड्राइवर से पूछा तो उसने कहा कि हमें अभी इवेंट मिला हैं और हमने गाड़ी लगा दी।

### करीब 50 किमी दूरी तय करने में एम्बुलेंस को लग गए दो घंटे

घायल को भोपाल भेजने के लिए डॉ राहुल शर्मा ने छह बजकर पचास मिनट पर काल किया और वह 108 एम्बुलेंस रात 8.30 पर बाड़ी अस्पताल आ गई।जबकि बाड़ी से शाहगंज की दूरी महज 50 किलोमीटर से कम हैं । 108 एम्बुलेंस के चालक ने बाड़ी आने में पौने दो घंटे लगाए।

### इनका कहना है

108 एम्बुलेंस सुविधा को बेहतर तरीके से संचालित करने की हरसंभव कोशिश की जा रही है। इसमें होने वाले इवेंट के फर्जीवाड़े को भी रोका जाएगा।

\- **डॉ एमडी भारती,** नोडल अधिकारी


---

# आबकारी अमले ने तालाब मोहल्ले के एक घर में छुपा कर रखीं अवैध शराब की पेटियां की जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के तालाब मोहल्ला वार्ड नंबर 9 में बीती रात गोलू बैरागी के घर पर आबकारी अमले ने छापामार कार्रवाई की मुखबिर की सूचना पर आबकारी अमले द्वारा आबकारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार भील ने आबकारी अमले के साथ तालाब मोहल्ले में पहुंचकर शराबमाफिया के ठिकाने पर छापा मार कार्रवाई की, जिससे हड़कंप मच गया।

आबकारी विभाग के सूत्रों के अनुसार जैसे ही मुग़ल से सूचना मिली तो आपका निरीक्षक शैलेंद्र भील आबकारी हमले का बल लेकर सलाम वाले पहुंचे यहां गोलू बैरागी के घर से एक गड्ढे में छुपा कर रखी गई अवैध रूप से 8 शराब की पेटियां जब्त की।



बताया जाता है कि यह शराब की पेटियां सांचेत के एक शराब ठेकेदार ने तालाब मोहल्ले में सप्लाई की थी। यह शराब ठेकेदार अपना घाटा पूरा करने के उद्देश्य से आसपास के क्षेत्र मेंअवैध शराब सप्लाई कर रहे हैं ताकि उनका घाटा भी अवैध शराब से रिकवर हो सके। इसके पूर्व रायसेन कोतवाली पुलिस ने ग्राम बनछोड में अवैध शराब की 7 पेटियां बरामद की थी जबकि बताया जाता है कि यहां 35 अवैध दारू की पेटियां एक घर में छुपा कर रखी गई थी। इसी तरह तालाब मोहल्ले में भी 20 अवैध शराब की पेटियां होना बताया जा रहा है। लेकिन आबकारी अमले ने सिर्फ 8 पेटियों का ही केस बनाया है, बाकी शराब की पेटियां कहां है गईं जो जन चर्चा का विषय बनी हुई है।

आबकारी विभाग का काम अब पुलिस कर रही है, वह भी शराब ठेकेदारों से मिलजुल कर। जब मीडिया कर्मियों ने आबकारी विभाग की जिम्मेदारों से अवैध शराब पकड़ने की जानकारी लेना चाही तो वह जांच का बहाना बनाते रहे।

---

# वन अमले ने अतिक्रमण का प्रयास पर जब्त किया ट्रेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सिलवानी वन मंडल सामान्य रायसेन की अंतर्गत वन परिक्षेत्र पश्चिम सिलवानी सामान्य की परिक्षेत्र सहायक वृत्त समनापुर की परिसर प्रतापगढ के वन कक्ष क्रमांक पीएफ 621 में शनिवार को वन मण्डलाधिकारी सामान्य वन मण्डल रायसेन प्रतिभा शुक्ला के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम सिलवानी महेंद्र कुमार पालेचा के हमराह वन स्टाफ ने वन भूमि पर अतिक्रमण के प्रयास में कार्यवाही करते हुये एक ट्रेक्टर जोन डियर 5050 डी रंग हरा बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट को वन भूमि पर चलता हुआ जप्त किया गया। ट्रेक्टर में कल्टी लगा हुआ था।

मौके से आरोपी प्रेमनारायण पिता सेमलाल लोधी निवासी मनकबाड़ा, अक्षय कुमार लोधी निवासी मनकबाड़ा फरार हो गये। जिसका वन अपराध प्रकरण दर्ज किया जाकर पंजीबद्ध किया। जप्ती कार्य डीएफओ प्रतिभा शुक्ला के निर्देशन में रेंजर सिलवानी महेन्द्र कुमार पालेचा, कार्यवाहक वनपाल कमलेश तिवारी, आकाश तिवारी, भूपेन्द्र लोधी, श्याम सिंह, रामाकांत रघुवंशी, बीरेंद्र त्रिपाठी, मनोज कुमार साहू वन रक्षक, गनपत पाल, इसरत खॉ सहयोगी दल का जप्ती कार्य में विशेष सहयोग रहा है।

---

राहगीरों की जान जोखिम में, सड़क गड्ढों से तबाह, प्रशासन मौन

# अवैध रेत परिवहन में ओवरलोड डंपर बन रहे हादसे का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर से निकले स्टे स्टेट हाईवे 44 पर दिन के उजाले में बड़े पैमाने पर रेत का परिवहन डंपर एवं ट्रालियों में भर कर अवैध रुप से किया जा रहा है। रेत के अवैध परिवहन को लेकर जिम्मेदारो के द्वारा कार्रवाही नही किए जाने से परिवहन कर्ताओ के होंसले बुलंद देखे जा रहे है। रेत का ओवरलोड परिवहन होने से सिलवानी से उदयपुरा मार्ग जो कि 28 किलो मीटर है अनेको स्थानो से क्षतिग्रस्त होकर गडढो में तब्दील हो चुका है। जिससे आवागमन में वाहन चालको को खासी परेशानी उठाना पड़ रही है।

नागरिकों का कहना है कि प्रतिदिन अनेकों की संख्या में रेत से लदे भारी वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। इन वाहनों पर न तो नंबर अंकित होते हैं, न ही स्पीड लिमिट का कोई पालन किया जा रहा है। तेज गति से दौड़ते ये ओवरलोड वाहन दोपहिया चालकों और पैदल राहगीरो के लिए बड़ी मुसीबत बने हुए हैं। न ट्राली और डंपरों में तिरपाल लगा होता है। कई बार डंपरों से उड़ने वाली रेत और धूल सड़क पर चल रहे लोगों की आंखों में चली जाती है, जिससे वे अपना संतुलन खो बैठते हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है।



स्थानीय नागरिकों ने बताया कि स्टेट हाईवे 44 की हालत बदतर है। जगह- जगह गड्ढे हो चुके हैं, जिससे वाहनों का निकलना बेहद मुश्किल हो गया है। कई बार चालक गड्ढों से बचने के चक्कर में सड़क के बीच या विपरीत दिशा में वाहन ले आते हैं, जिससे आमने-सामने की टक्कर जैसी घटनाएं आम हो गई हैं।

राहगीरों ने यह भी बताया कि उदयपुरा टोल नाके पर प्रतिदिन भारी वाहनों से टोल टैक्स वसूला जा रहा है, लेकिन सड़क की मरम्मत या सुरक्षा व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। टोल तो लिया जा रहा है, पर सड़क की हालत दिन-ब-दिन खस्ता होती जा रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन की सीधी मिलीभगत है, तभी बिना किसी डर के ओवरलोड वाहन खुलेआम दौड़ रहे हैं। न तो परिवहन विभाग कार्रवाई कर रहा है और न ही खनिज विभाग की ओर से कोई जांच हो रही है। ग्रामीण राजेश रघुवंशी,सुरेंद्र पटेल,उमेश रघुवंशी,राहुल सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर ओवरलोड वाहनों की जांच के लिए स्थायी चेक पोस्ट बनाई जाए, और सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए। साथ ही अवैध रेत परिवहन में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### इनका कहना है

कलेक्टर के निर्देश पर रेत से भरे वाहनो की जांच का अभियान चलाया जा रहा है। छोटे वाहनो पर रेडियम लगाए जाने को लेकर भी कार्रवाही की जा रही है।

\- **हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिलवानी।

---

साइबर जागरूकता में बोले थाना प्रभारी...

# डिजिटल अरेस्ट जैसी किसी प्रक्रिया का कानून में नहीं है कोई प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

शनिवार को सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने गांवों में ग्रामीणजन, महिलाओं और बालिकाओं को साईबर धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए। इस साईबर पाठशाला को लेकर सलामतपुर थाना प्रभारी द्वारा सेमरी टोला गांव में साइबर फ्रॉड, साइबर क्राइम, साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय के बारे में और डिजिटल अरेस्टिंग, फर्जी ओटीपी आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

साइबर फ्रॉड होने पर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने के लिए भी बताया गया। वहीं उन्होंने साइबर क्राइम के बढ़ते खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी और बताया कि साइबर क्राइम के विभिन्न रूप, जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, और सोशल मीडिया से संबंधित खतरे, किस तरह युवाओं को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने ग्रामीण, बच्चों, बड़ों, महिलाओं सहित किसानों को सतर्क रहने, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने और साइबर सुरक्षा के बुनियादी उपाय अपनाने की सलाह दी। साथ ही महिलाओं से संबंधित अपराध के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान रहवासियों और किसानों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की।

